# मैराथन दौड़ का आयोजन स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में

**भिलाई नगर।** निगम भिलाई में स्वच्छता की सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है इसके अंतर्गत 21 सितंबर को मैराथन दौड़ का आयोजन शांति नगर दशहरा मैदान में किया गया। जिसमें बहुत सारे युवा शामिल हुए। विशेष करके ऐसे युवा जो देश के सेवा में जाना चाहते हैं। विशेष करके सेना भर्ती, अभियान पुलिस भर्ती, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, या अन्य सेना से संबंधित तैयारी कर रहे हैं। मैराथन दौड़ने वाले बहुत खुश थे। उनका कहना था कि स्वच्छता ही सेवा अभियान से जुड़कर के हमें बहुत खुशी हुई। विजेताओं को प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया। मैराथन दौड़ के दौरान वार्ड पाषर्द अभिषेक मिश्रा स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, स्वास्थ्य सुपरवाइजर अंजनी सिंह, पी यू आई के अभिनव ठोकने, शुभम पाटनी, आदि उपस्थित रहे।